University in News on 17 October 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

ऑनलाइन कोर्सों में दाखिले से पहले बनानी होगी आईडी

लविवि : डीईबी और एबीसी पोर्टल पर अनिवार्य होगा पंजीकरण

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजीसी के अनुमोदन के बाद पांचों ऑनलाइन कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। दाखिले के लिए विद्यार्थी को दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो (डीईबी) और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) पर पंजीकरण के बाद अपनी आईडी बनानी होगी। इसके बाद ही विद्यार्थी आवेदन प्रक्रिया पूरी कर फॉर्म भर पाएंगे।

लविवि दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो (ऑनलाइन एजुकेशन) के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने बताया, पाठ्यक्रमों में प्रवेश को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। विद्यार्थियों के लिए वेबसाइट luonlineeducation.in पर जानकारी उपलब्ध है। दाखिले के लिए पंजीकरण से पहले अभ्यर्थी को एबीसी और डीईबी आईबी पर आईडी बनानी होगी जिसे समर्थ पोर्टल के माध्यम से बना सकते हैं।

समस्या आने पर विवि से संपर्क कर सकते हैं। जिन पांच नए कोर्स करने की अनुमति मिली है उनमें स्नातक स्तर पर बीबीए तीन वर्षीय कोर्स शामिल है। वहीं परास्नातक स्तर पर एमए अर्थशास्त्र, संस्कृत, अंग्रेजी और राजनीति विज्ञान शामिल हैं।

नए कोर्स के लिए यह होगा शुल्क

प्रो. भार्गव के मुताबिक, बीबीए कोर्स की फीस प्रति सेमेस्टर 15 हजार रुपये होगी। जबकि एमए के सभी कोर्स की फीस आठ हजार रुपये प्रति सेमेस्टर होगी। यह ऑनलाइन मोड में ही जमा की जाएगी। जबकि 250 रुपये आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क भी अलग से जमा करना होगा और एलयूआरए पोर्टल पर भी पंजीकरण कराना होगा।

- **बीकॉम, एमकॉम में असाइनमेंट की तिथि जारी :** लविवि ऑनलाइन एजुकेशन के तहत पहले से संचालित दोनों कोर्स बीकॉम और एमकॉम के लिए असाइनमेंट जमा करने की तिथि घोषित कर दी है। विद्यार्थी वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी हासिल कर सकते हैं।

टैगोर लाइब्रेरी में बनेगा वैदिक सेक्शन

लखनऊ। लखनऊ विवि की टैगोर लाइब्रेरी में विद्यार्थियों को शैक्षिक प सांस्कृतिक किताबों के साथ ही वैदिक साहित्य भी पढ़ने को मिलेगा। इसके लिए लाइब्रेरी में वैदिक सेक्शन विकसित किया जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा है कि विवि में संचालित संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग इस काम को अंजाम दे जिससे विद्यार्थी धार्मिक वैदिक साहित्य और अपने संस्कारों को भी समझ सकें।

वेदों में समाहित संस्कारों का खजाना

प्राकृत में संस्कृत भाषा विभाग में चल रहे तीन दिवसीय सेमिनार में अध्यक्ष डॉ. सत्यकेतु ने कहा, वेदों में संस्कारों का खजाना है। हमें इसे अमल में लाने की जरूरत है। इससे भारतीय परंपरा अधिक समृद्धशाली होगी। सौ से अधिक शोध पत्रों का वाचन किया गया। डॉ. अभिमन्यु सिंह, डॉ. शतपथी, डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज और डॉ. अनुज मौजूद रहे। (संवाद)

मूटकोर्ट प्रतियोगिता में लविवि विजेता

लखनऊ। लखनऊ विवि के विद्यार्थियों ने छत्रपति शाहूजी महाराज कानपुर विश्वविद्यालय में आयोजित प्रथम अटल बिहारी वाजपेयी मूटकोर्ट प्रतियोगिता में जीत हासिल की है। इसमें विभिन्न विधि संस्थानों की 34 टीमों ने प्रतिभाग किया था। लविवि की टीम ने एनएलयू दिल्ली की टीम पर जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। आरएमएलएनएलयू को हराकर विजेता का खिताब जीता। इलाहाबाद हाइकोर्ट के जज शेखर कुमार यादव ने टीम को 51 हजार की धनराशि और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू में एलयूसीओडीई ने डुअल डिग्री व्यवस्था शुरू की

रेगुलर संग ऑनलाइन कोर्स भी कर सकेंगे, आवेदन शुरू

प्रवेश प्रक्रिया

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय से अब एक साथ डुअल डिग्री हासिल कर सकेंगे। कोई भी विद्यार्थी रेगुलर के साथ ऑनलाइन भी पढ़ाई कर सकेगा। इसके लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन (एलयूसीओडीई) की ओर से सूचना जारी की गई है।

एलयू में एलयूसीओडीई के तहत शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विवि की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए पंजीकरण भी शुरू कर दिए गए हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि बीबीए और एमए संस्कृत, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व राजनीति विज्ञान विषय में दाखिले के लिए आवेदन जारी हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशों के मद्देनजर एलयू में डुअल डिग्री की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। अब कोई भी विद्यार्थी एक साथ रेगुलर और ऑनलाइन पढ़ाई कर सकता है। जिसका जिक्र एलयूसीओडीई ने ऑनलाइन कोर्स के लिए जारी एडमिशन ब्रोशर में भी किया है।

प्रवक्ता के मुताबिक ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को सभी व्याख्यान का पीडीएफ और वीडियो ऑनलाइन ही उपलब्ध कराए जाएंगे। उनकी समस्याओं और प्रश्नों का समाधान भी शिक्षक ऑनलाइन ही करेंगे। छह माह में मात्र सेमेस्टर परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय आना होगा। यह प्रत्यक्ष रूप से लिखित माध्यम से होगी।

भारतीय नागरिक ही कर सकेंगे इनमें आवेदन

एलयू के ऑनलाइन बीबीए, एमए अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र में सिर्फ भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकेंगे। इन पाठ्यक्रमों में विदेशी छात्रों का दाखिला नहीं लिया जाएगा। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का ब्रोशर जारी कर दिया गया है। उसमें पाठ्यक्रम से जुड़ी सभी जानकारियां समाहित हैं।

डीईबी और एबीसी आईडी जरूरी होगी

एलयू के ऑनलाइन कोर्स में आवेदन से पहले छात्रों को यूजीसी दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो (डीईबी), एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट पर पंजीकरण करना होगा। दोनों पोर्टल से आईडी बनने के बाद आवेदन कर सकेंगे।

सर्टिफिकेट कोर्स के लिए फीस पोर्टल खुला

विवि में सर्टिफिकेट कोर्स इन ओरिएंटल पर्शियन एंड अरेबिक पाठ्यक्रम की फीस जमा करने के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। चयनित अभ्यर्थी एलयू की वेबसाइट पर जाकर अपने रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड के जरिए फीस जमा कर सकेंगे।

JAGRAN CITY PAGE III

एलयू: लॉ छात्रों ने जीती अटल बिहारी मूट कोर्ट प्रतियोगिता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की टीम ने प्रथम अटल बिहारी वाजपेयी नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता के विजेता की ट्राफी अपने नाम की। छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में प्रतियोगिता में कुल 34 टीमों ने भाग लिया था। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम में आकर्षि गुप्ता, कोमल तिवारी और सौम्या वर्मा ने बाजी मारी।

संकायाध्यक्ष प्रो. बंशीधर सिंह ने बताया कि टीम को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने विजेता ट्रॉफी और 51 हजार नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही एलयू की शैलजा सिंह सोलंकी ने सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार प्राप्त किया। उन्हें 5100 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

51 हजार का पुरस्कार विजेता ट्राफी मिली

फाइनल में आरएमएनएलयू को हराया: प्रोफेसर बंशीधर का कहना है कि टीम ने सेमीफाइनल में एनएलयू दिल्ली के खिलाफ जीत की और फाइनल में पहुंची। इसके बाद फाइनल में आरएमएनएलयू को शिकस्त देकर सफलता हासिल की। परिसर निदेशक प्रो. आरके सिंह, मूट कोर्ट एसोसिएशन समन्वयक डॉ. राधेश्याम प्रसाद ने छात्रों को बधाई दी।

एलयू: प्रशांति मिस्टर, आकृति मिस फ्रेशर्स

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के एमएससी छात्रों ने बॉलीवुड ग्लैमर थीम पर फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कई राउंड के गेम्स हुए। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि फ्रेशर्स में मिस्टर फ्रेशर प्रशांत शुक्ला और मिस फ्रेशर आकृति गुप्ता के चयन के साथ उपाधियां दी गईं।

कांस्य पदक विजेता को कुलपति ने किया सम्मानित

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने साफ्ट टेनिस लीग टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतने वाली इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) की छात्रा सासा कटियार को बुधवार को सम्मानित किया। सासा कटियार ने देवास, मध्य प्रदेश में 27 से 30 सितंबर तक आयोजित श्री जे खोददरा नेशनल साफ्ट टेनिस लीग टूर्नामेंट में एकल और युगल में कांस्य पदक जीता। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने विजेता सासा कटियार को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही जापान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट में चयनित होने पर काफी सराहना की।

TOI PAGE 3

Supermoon to light up sky today; witness the celestial marvel at LU

Mohita.Tewari
@timesofindia.com

Full moon on Sharad Purnima on the eve of sighting of supermoon

FOUR FULL SUPERMOONS OF 2024

- **Aug 19** | 3,61,969km (224,917 miles)
- **Sep 18** | 3,57,485km (222,131 miles)
- **Oct 17** | 351,519km (222,055 miles)
- **Nov 15** | 361,866km (224,853 miles)

Lucknow: In what will be a treat for sky lovers, the moon will appear brightest and biggest on Thursday.

Referred to as 'full supermoon', or a super hunter moon, the celestial delight set to light up the sky will be the closest full Supermoon of 2024.

Those who want to view this phenomenon can visit the department of Jyotir Vigyan, Lucknow University where Indira Gandhi Planetarium will be organising the night sky observation programme for the public.

The planetarium, with the help of the UP Amateur Astronomers Club, will install four telescopes for the observation of the supermoon and planets.

A full moon that occurs when the moon is at its closest point to earth is called a supermoon.

The full moon in Oct is known as the Hunter's Moon because it takes place around the start of hunting season and traditionally offers a key opportunity to spot prey lurking in recently harvested fields.

"The term 'supermoon' was first used in astronomy by renowned astronomer Sir Richard Nolle in 1979. According to Nolle's definition, a supermoon can occur on both full moon and new moon days," said senior scientific officer Sumit Srivastava of the Indira Gandhi Planetarium.

He said that a full moon or new moon becomes a supermoon when it occurs within 90% of its closest point to Earth, known as perigee.

In the supermoon phase, the moon appears about 14% larger and 30% brighter than its normal size.

On Thursday at 11.55 pm, the moon will be at its closest point to Earth, approximately 351,519 kilometres away. In its apogee phase (farthest point from earth), this distance will increase to 406,161 kilometres on Oct 30, 2024.

"The supermoon has a significant impact. In this phase, the moon appears larger than usual, and its diameter is approximately 3,475 kilometres. At perigee, the moon can be as close as approximately 351,000 kilometres (220,000 miles) to earth, while at apogee, it can be as far as approximately 410,000 kilometres (254,000 miles) away," he said.

He said to participate in the programme, people can contact professor Dr BP Pandey.

AMRIT VICHAR PAGE 4

मूट कोर्ट प्रतियोगिता में लविवि जीता

फाइनल में राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय को हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रथम अटल बिहारी वाजपेयी नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय का विधि संकाय विजेता बना। छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में आयोजित प्रतियोगिता में 34 टीमों ने प्रतिभाग किया। लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम में शामिल आकर्षि गुप्ता, कोमल तिवारी और सौम्या वर्मा ने बाज़ी मारी। टीम ने सेमीफाइनल में एनएलयू दिल्ली और फाइनल में राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय को पराजित किया। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने टीम को विजेता ट्रॉफी और 51,000 रुपये नकद पुरस्कार दिया।

पुरस्कार लेते मूट कोर्ट प्रतियोगिता के विजेता। अमृत विचार

संभाषण प्रतियोगिता में संजीता प्रथम

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में दृष्टिबाधित लोगों के सहायता के लिए विश्व सफेद छड़ी सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विषय पर संभाषण प्रतियोगिता भी हुई। स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता, और समाज में समावेषिता विषय पर छात्रों ने व्हाइट केन के महत्व पर विचार व्यक्त किए। सह आचार्य दृष्टिबाधितार्थ विभाग डॉ. आद्या शक्ति राय निर्णायक रहे। प्रथम स्थान संजीता विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान दिव्या पांडे व चन्दन कुमार, तृतीय स्थान हरिओम ने प्राप्त किया। अधिष्ठाता विशेष शिक्षा संकाय डॉ. कौशल शर्मा व विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. सीके दीक्षित के साथ साथ दृष्टिबाधितार्थ विभाग के आशीष कुमार गुप्ता, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. सुधा राव, पूनम चौरसिया मौजूद रहीं।

इंजीनियरिंग माइंडसेट विषय पर हुआ व्याख्यान

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में इंजीनियरिंग माइंडसेट विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सुजीत मिश्रा ने छात्रों को बताया कि इंजीनियरिंग एक ही चीज को अलग-अलग नजरिए से देखने का नाम है। हमारा माइंडसेट ही हमारे अंदर प्रचलित व भविष्य जीवन के अनुकूल चीजों के बीच अंतर पहचानने की क्षमता विकसित करता है। अभियांत्रिकी व तकनीकी संकाय के डीन प्रो एके सिंह ने आभार प्रकट किया।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

कांस्य पदक विजेता सासा को कुलपति ने किया सम्मानित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सॉफ्ट टेनिस लीग टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतने वाली आईएमएस छात्रा सासा कटियार को सम्मानित किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बुधवार को विजेता सासा कटियार को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। और जापान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट में चयनित होने पर काफी सराहना की। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस), न्यू कैंपस, लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा सासा कटियार ने देवास, मध्य प्रदेश में आयोजित श्री जे खोददरा नेशनल सॉफ्ट टेनिस लीग टूर्नामेंट में एकल और युगल में 27 से 30 सितंबर तक में कांस्य पदक जीता।

बच्चों को बताया अच्छे और बुरे स्पर्श का फर्क

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ लॉ के प्रो बोनो क्लब ने कुलपति डॉ. आलोक कुमार यादव के मार्गदर्शन में न्यू वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अलीगंज में बच्चों की सुरक्षा: अच्छे और बुरे स्पर्श विषय पर कार्यशाला बुधवार को आयोजित की। संकायाध्यक्ष प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत उपयोगी होते हैं।

इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित और जागरूक बनाना, पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रावधानों को समझाना और स्कूल प्रशासन की भूमिका को रेखांकित करना था। कार्यशाला में बच्चों के शोषण को रोकने के उपायों पर भी चर्चा हुई। कार्यशाला में उपस्थित सहयोगी सदस्यों में मोहम्मद अफजल हसन, श्रेया, साक्षम, विशेष, कृतिका, वैशाली और सानिध्य शामिल थे। छात्र समन्वयक वशिका गौड़ और सुमित सिंह ने कार्यशाला का सफल आयोजन सुनिश्चित किया।

डॉ. आलोक कुमार यादव ने कहा कि बच्चों को जागरूक करना बच्चों के शोषण को रोकने में महत्वपूर्ण है। हम नई तरीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सहयोग और बच्चों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। यह कार्यशाला बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने, पॉक्सो अधिनियम के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जिम्मेदार नागरिकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

LU to appoint 'ambassadors' to strengthen alumni network

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The Lucknow University is appointing two student ambassadors in each department to strengthen its alumni network. These ambassadors will be responsible for identifying, connecting with and engaging former students of the university. The selection of the students will be based on their academic and co-curricular achievements, as well as their communication and networking skills, and will be made by the respective department heads.

"We want to establish a good former student network, which is possible only if we connect well with students of all our batches in different fields. Hence, we have created a 'student ambassador' post in which two postgraduate students will be ambassadors of the university to invite senior former students," said LU spokesperson Durgesh Srivastava. The primary role of the ambassadors will be to invite alumni to participate in special lectures, events and cultural festivals, fostering a strong bond between current and former students. This initiative aims to create opportunities for alumni to share their knowledge and expertise with the current students, while also helping the students learn about potential job opportunities in their respective fields.

"This post has been created to ensure that students of every graduating batch stay connected with LU," he added.